FIROZABAD POLICE

★ सुरक्षा आपकी ★
★ संकल्प हमारा ★

## प्रेस नोट थाना उत्तर दिनांक 02-07-2025 जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 27-06-2025 को चोरी की घटना करने वाले अंतर्राज्यीय सांसी गैंग के 02 शातिर चोर / लुटेरे अभियुक्त 1.आतिश उर्फ आतिस, 2.बाबू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों शातिर लुटेरे 1.आतिश उर्फ आतिस 2.बाबू पैर में गोली लगने से हुए घायल......**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर, 03 कारतूस 315 बोर, 02 खोखा 315 बोर, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं चोरी किये गये 42,150 रुपये बरामद।**
- **सांसी गैंग के अभियुक्तगण शादी समारोह या बैंक आदि के आस-पास नजर रखते हैं तथा रुपयों / जेवरों का बैग / थैला लिये हुए व्यक्ति के हाथ पर खुजली पैदा करने वाला पाउडर / चिली पेस्ट पाउडर छिड़ककर रुपयों / जेवर वाला बैग / थैले को चुरा लेते हैं।**
- **अभियुक्त बाबू के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 01 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।**

दिनाँक 27-06-2025 को वादी गजेन्द्र द्वारा थाना उत्तर पर तहरीर दी गयी कि वादी अपने पिता के साथ स्टेट बैंक की मैन शाखा से अपने पिता की पेंशन के 01 लाख रुपये निकालकर घर वापस जा रहा था वादी ने रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज एक पॉलीथीन में रखकर अपनी मोटरसाइकिल के बैग में रखे हुए थे। बैंक की शाखा से मोटरसाइकिल बाहर निकालते ही एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल के बैग में रखी रुपयों एवं कागजात की पॉलीथीन को निकालकर मौके से भाग गये। वादी की तहरीर के आधार थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 396/2025 धारा 303(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सांसी गैंग के शातिर चोर / लुटेरों अभियुक्तगण 1.आतिश उर्फ आतिस पुत्र अमर सिंह, 2.बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया, व 3.बौबी पुत्र दिनेश सिसौदिया का नाम प्रकाश में आया था। उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में आज दिनांक 02-07-2025 को थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्तगण चोरी / लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। जोन्धरी अण्डरपास के पास चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। बारिश के कारण फिसलन होने की वजह से हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त

संदिग्ध व्यक्तियों की बाइक फिसलकर गिर गई । पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ व खुद को घिरता हुआ देखकर उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गई, जिसमें दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और उन्हे मौके पर ही घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्तों की पहचान सांसी गैंग के अभियुक्त 1.आतिश उर्फ आतिस पुत्र अमर सिंह सिसौदिया निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ (मध्यप्रदेश), 2.बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया निवासी निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ (मध्यप्रदेश) के रुप में हुई है। जो कि थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 396/2025 में वांछित अभियुक्तगण है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा 315 बोर, घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल एवं चोरी किये गये 42,150 रुपये बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा घायल अभियुक्त-**

1. आतिश उर्फ आतिस पुत्र अमर सिंह सिसौदिया निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ (मध्यप्रदेश)।
2. बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ (मध्यप्रदेश)।

**नाम-पता फरार अभियुक्त-**

1. बॉबी पुत्र दिनेश सिसौदिया निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ (मध्यप्रदेश)।

**पूछताछ का विवरण**- पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण ने बताया कि दिनाँक 27-06-2025 को हमारे द्वारा बैंक के आस-पास निगाह रखी जा रही थी जैसे ही वादी रुपये लेकर अपने पिता के साथ बैंक से बाहर निकला हमारे द्वारा वादी व उसके पिता का ध्यान भटकाकर मोटरसाइकिल के बैग में रखी रुपयों की पॉलीथीन चुरा ली गयी जिसमें रखे 01 लाख रुपयों में से हम तीनों ने 33-33 हजार रुपये आपस में बाँट लिये थे। आज पुनः हम चोरी / लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे, इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा हमें पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 02 अवैध तमंचे 315 बोर।
2. 03 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल।
5. चोरी किये गये 42,150 रुपये बरामद।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त आतिश उर्फ आतिस-

1. मु0अ0सं0 174/24 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस0 थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर।
2. मु0अ0सं0 865/15 धारा 401 भादवि0 थाना कोतवाली मथुरा जनपद मथुरा।
3. मु0अ0सं0 867/15 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली मथुरा जनपद मथुरा।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त बाबू-

1. मु0अ0सं0 452/22 धारा 379, 411, 413 भादवि0 थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या।
2. मु0अ0सं0 499/22 धारा 411, 413 भादवि0 थाना कोतवाली रुधौली जनपद अयोध्या।
3. मु0अ0सं0 502/22 धारा 21/8 स्वापक औषधि मन प्रभावी अधि0 1985 थाना रुधौली जनपद अयोध्या।
4. मु0अ0सं0 91/23 धारा 120बी, 380, 411 भादवि0 थाना जगनेर जनपद आगरा।
5. मु0अ0सं0 451/24 धारा 303(2) बीएनएस0 थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
6. मु0अ0सं0 174/24 धारा 303(2), 317(2) थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर।
7. मु0अ0सं0 144/24 धारा 379 भादवि0 थाना सिकन्दराबाद बुलन्दशहर।

8. मु0अ0सं0 372/22 धारा 379 भादवि0 थाना अतर्रा जनपद बांदा।
9. मु0अ0सं0 374/22 धारा 379 भादवि0 थाना अतर्रा जनपद बांदा।
10. मु0अ0सं0 100/22 धारा 20/08 स्वापक औषधि मन प्रभावी अधि0 1985 थाना चरखारी जनपद महोबा।
11. मु0अ0सं0 319/18 धारा 399, 402, 411, 414 भादवि0 थाना नाका हिण्डौला जनपद लखनऊ।
12. मु0अ0सं0 459/22 धारा 34, 379, 411 भादवि0 थाना मोदहा जनपद हमीरपुर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक संजुल पाण्डेय थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सुनील कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 अरुण कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 रितिक शर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0कां0 807 नीलेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0कां0 200 अशोक कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. हे0कां0 संदीप कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 257 अनिल छौंकर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. कां0 788 कुलदीप थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
10. कां 654 सचिन खोंखर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
11. कां 1388 ब्रज मोहन थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।